–: प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ :–

मुझे यह बताते हुये बेहद प्रसन्नता हो रही है कि इस संस्था की स्थापना वर्ष 2016 में कन्नौज मुख्यालय से लगभग 18 कि० मी० दूर स्थित अनौगी ग्राम पंचायत के शुद्ध वातावरण में की गई, शुरूवात में दो पाठ्यक्रमों– मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मेन्टीनेंस) और इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग का संचालन हुआ। सत्र 2018–19 में क्षेत्रीय ढॉचे की आवश्यकतानुसार फूड टेक्नालॉजी पाठ्यक्रम का संचालन किया गया। वर्तमान में संस्थान में कुल 03 त्रिवर्षीय अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम– मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मेन्टीनेंस), इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग एवं फूड टेक्नालॉजी संचालित हैं। सभी संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए०आई०सी०टी०ई०) नई दिल्ली द्वारा प्राप्त है संस्था में परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन–अध्यापन के साथ रोजगार हेतु जॉब प्रीपरेशन वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्र/छात्राओं की पर्सनालिटि डेवलपमेन्ट के साथ इन्टरव्यू की तैयारी एवं डेमो कराया जाता है। सत्र 2022–23 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मेन्टीनेंस) से 52, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग से 47 एवं फूड टेक्नालॉजी से 31 छात्र/छात्राये उत्तीर्ण हुये, जिनमें अधिकतर छात्रों को विभिन्न कम्पनियों में जॉब मिल चुकी है एवं वर्तमान सत्र 2023–24 में अन्तिम वर्ष में मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मेन्टीनेंस) से 43, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग से 59 एवं फूड टेक्नालॉजी से 13 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत् हैं, जिनको पढाई के अन्तिम सेमेस्टर के दौरान ही संस्था में कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित करवाकर अच्छी जॉब दिलाई जा चुकी है जिसमें मुख्य रूप से मैग्ना आटोमोटिव इण्डिया प्रा० लि० पुणे महाराष्ट्र, कृष्णा मारुती प्रा० लि०, नोएडा, डिक्सोन टेक्नालॉजीज इण्डिया प्रा० लि० नोएडा एवं एल.टी.फूड्स लिमिटेड (मल्टीनेशनल) कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं छात्र/छात्राओं को रोजगार प्रदान किया गया है शेष छात्र/छात्राओं के सेवायोजन हेतु संस्था के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ का प्रयास उत्तरोत्तर जारी है ।

(डा० राम सजीवन)
प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अधिकारी